चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/7515
दिनांक : 20.01.2023
21/1/23

विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की सत्र 2022–23 (मुख्य परीक्षा/भूतपूर्व छात्र परीक्षा/एकल विषय/श्रेणी उन्नयन) एवं बैक पेपर परीक्षा से वंचित छात्रों की सत्र 2021–22 की बैक पेपर परीक्षाएं यथासमय करवायी जानी हैं।

स्नातक स्तरीय बी0ए0/बी0काम0 (व्यक्तिगत) प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष एवं बी0ए0/बी0काम0/बी0एस–सी0/बी0एस–सी0 फिजिकल एजूकेशन हैल्थ एण्ड स्पोर्ट्स (संस्थागत) प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित एम0ए0/एम0काम0 (व्यक्तिगत) प्रथम/द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाईट www.ccsuweb.in पर निम्नलिखित तिथियों के अनुसार भरवाये जाने है।

01.	छात्र/छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑन–लाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	**23-01-2023** से
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की पुनरक्षित तिथि	**12-02-2023** तक
03.	विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित महाविद्यालय/संस्थान में छात्र/छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये सन्दर्भित परीक्षा फार्म का ऑन लाईन सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि	**14-02-2023** तक
04.	आवंटित महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0आर0 सहित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**16-02-2023** तक

महत्त्वपूर्ण निर्देश :–

1. यह विज्ञप्ति बी0ए0/बी0काम0/एम0ए0/एम0काम0 व्यक्तिगत प्रथम वर्ष (नवीन पंजीकरण) छात्रों हेतु नहीं है। बी0ए0/बी0काम0/एम0ए0/एम0काम0 व्यक्तिगत प्रथम वर्ष (नवीन पंजीकरण) हेतु पत्र संख्या परीक्षा/7498 दिनांक 11.01.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें।
2. केवल बी0ए0/बी0काम0/एम0ए0/एम0काम0 व्यक्तिगत प्रथम वर्ष भूतपूर्व छात्र एवं बैक पेपर तथा वार्षिक परीक्षा प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के समस्त परीक्षा फार्म उपर्युक्त तिथियों में विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuweb.in** पर ही भरे जायेगें।
3. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें मुख्य परीक्षा/श्रेणी सुधार/एकल विषय/बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध समस्त सम्बन्धित नियमों/प्रवेश नियमावली/विषय कोड पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05.01.2022 के मद संख्या–03 में लिये गये निर्णयानुसार व्यक्तिगत पाठ्यक्रम के छात्र वर्तमान में जिस महाविद्यालय में पंजीकृत है, पाठ्यक्रम की शेष अवधि हेतु पंजीकरण उसी महाविद्यालय से ही होंगे।
5. सत्र **2021-22** से स्नातक प्रथम वर्ष संस्थागत **(B.A./B.Sc./B.Com.)** में प्रविष्ट छात्रों का पाठ्यक्रम **NEP-2020** के अनुसार संचालित है। अतः वह वार्षिक परीक्षा प्रणाली का परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह नहीं हैं।
6. वर्ष 2022 मुख्य परीक्षा में सम्मिलित स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों की बैक पेपर परीक्षा आयोजित करवायी जा चुकी हैं। तथापि ऐसे छात्र जो अपरिहार्य कारणवश उक्त बैक पेपर परीक्षा से वंचित रह गये हैं, को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए बैक पेपर परीक्षा फार्म भरने की अनुमति प्रदान की जाती है। ध्यान रहे कि वार्षिक परीक्षा प्रणाली में **Re-Back** किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं है।
7. अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों/श्रेणी उन्नयन **(Division Improvement)** हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट पर आवश्यक नियम उपलब्ध हैं।
8. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो पूर्ण वर्षों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
9. किसी भी कक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा में परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नही है।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, मै0 मैस्काट सोल्यूशन, वाराणसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)